# फर्द अहकाम

## कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री दिनेश चन्द्र सनाढ्य पिता श्री आनंदीलाल सनाढ्य, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच, आनंद विला, आनंद विहार, किशोर नगर, राजसमंद **– अपीलार्थी**

**बनाम**

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, देवगढ **– प्रत्यर्थी**

**किस्म मुकदमा**–अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 13/2023**

| क्रमांक | कार्यवाही विवरण | हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई |
|---|---|---|
| | दिनांक 17.04.2023 | |

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, देवगढ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु ऑन लाईन प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, देवगढ को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया ।

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, देवगढ द्वारा जरिये पत्रांक आरटीआई/2023/242–43 दिनांक 04.04.2023 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना तहसील कार्यालय देवगढ से संबंधित होने से तहसीलदार, देवगढ के पत्रांक: सूकाअ/2023/29 दिनांक 29.03.2023 से प्राप्त सूचना मूल ही जरिये रजिस्टर्ड डाक द्वारा अपीलार्थी को भिजवाते हुए प्रति इस न्यायालय को भी पृष्ठाकिंत की गई है।

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, देवगढ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, देवगढ की रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना अपीलार्थी को रजिस्टर्ड डाक से भिजवादी गई है। अपीलार्थी को पी–14 एवं प्राप्त शिकायतें, शिकायतों पर की गई कार्यवाही के सम्पूर्ण विवरण सहित सूचना की आवश्यकता हो तो कार्यालय दिवस में लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, देवगढ के कार्यालय में उपस्थित होकर चाही गई विस्तृत सूचना रिकार्ड का अवलोकन कर प्राप्त कर सकते है।

अतः वांछित सूचना उपलब्ध करा दी जाने से उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, देवगढ व तहसीलदार देवगढ़ को भिजवायी जावे।

**पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।**

**लोक सूचना अपीलीय अधिकारी**
**(जिला कलक्टर) राजसमंद**

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)